दिनांक 21 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

फौजीनगर में औद्योगिक क्षेत्र हटाया गया अवैध कब्जा , कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की उपस्थिति में निगम की टीम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। जिला उद्योग विभाग की जमीन पर लंबे समय से कब्जा करने वालों के बाउंड्रीवाल को जेसीबी से ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कराया गया। पुलिस बल , एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बड़ी कार्यवाही की गई! कार्यवाही से बचने कुछ लोगों ने स्वंय से ही कब्जा हटाने सप्ताहभर की मोहलत मांगी है। जोन 02 के हाउसिंग बोर्ड स्थित वार्ड 27 फौजीनगर में कब्जे की शिकायत स्थानीय उद्योग संचालकों ने की थी कि जिस पर आज कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत अवैध कब्जा व अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कार्यवाही में जोन 02, 03 व जोन 04 के सहायक राजस्व अधिकारी भी उपस्थित थे, कार्यवाही के दौरान जेसीबी से ध्वस्त बांस बल्ली व पुराना मलबा को भी जप्त किया गया। जोन 02 एआरओ संजय वर्मा एवं जोन 03 एआरओ परमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि वार्ड 27 फौजीनगर में जिला उद्योग विभाग की कई स्थानों पर जमीन है , जहां पर अवैध तरीके से कब्जा करते हुए होटल , पान ठेला, झोपड़ी व दुकान बनाकर लोग व्यवसाय कर रहे थे तथा कुछ लोगों ने अस्थाई मकान बना लिए है।

जनसम्पर्क अधिकारी